इंडोनेशिया के संसदीय शिष्टमंडल ने लोक सभा अध्यक्ष से मुलाकात की

नई दिल्ली, 22 अगस्त, 2014: दिवान पेरवाकिल्न देइराह (डीपीडी) के स्पीकर, माननीय सीनेटर एच इरमान गुस्मान, एसई, एमबीए के नेतृत्व में इंडोनेशिया गणराज्य के रीजनल हाउस ऑफ रिप्रेजेन्टेटिव्स के एक संसदीय शिष्टमंडल ने आज लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन से संसदीय ज्ञानपीठ में मुलाकात की।

शिष्टमंडल का स्वागत करते हुए श्रीमती सुमित्रा महाजन ने कहा कि भारत और इंडोनेशिया, दोनों देशों की लोकतांत्रिक मूल्यों तथा लोकतंत्र में अटूट आस्था है। भारत की भांति इंडोनेशिया एक बड़ा लोकतांत्रिक देश है और लोकतंत्र के आरंभिक चरण में होने के बावजूद यह एक बहु-जातीय, बहुभाषी और बहुलवादी देश है।

लोक सभा अध्यक्ष ने भारत और इंडोनेशिया के बीच बहुआयामी सहयोग का उल्लेख करते हुए दोनों देशों के संबंधों को और सुदृढ़ करने में संसदीय राजनय की भूमिका पर जोर दिया। शिष्टमंडल के नेता, डीपीडी के स्पीकर माननीय सीनेटर एच इरमान गुस्मान, एसई, एमबीए ने श्रीमती महाजन को लोक सभा के अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से चुने जाने पर बधाई देते हुए यह आशा व्यक्त की कि उनके कार्यकाल के दौरान दोनों देशों के बीच विपक्षीय संबंध और मजबूत होंगे।